दिनांक 9 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

स्वरोजगार लोन के लिए निगम सभागार में प्रकरणों का निपटान

भिलाईनगर/महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के द्वारा महिलाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कई तरह के प्रयत्न किए जा रहे हैं! जिसके क्रियान्वयन के लिए निगम आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के स्वरोजगार कार्यक्रम के तहत व्यक्तिगत ऋण , समूह ऋण एवं बैंक लिंकेज अंतर्गत लंबित प्रकरणों पर स्वीकृति एवं वितरण की त्वरित कार्रवाई हेतु लोन मेला का आयोजन भी किया जा चुका है , जिसमें कई लोगों ने लोन लेकर लाभ प्राप्त किया! आज निगम सभागार में बैंक अधिकारियों की उपस्थिति में लंबित प्रकरण निपटान एवं स्वरोजगार लोन के लिए ग्रेडिंग कमेटी द्वारा लोन के लिए प्राप्त हुए आवेदनों का निरीक्षण किया एवं निरीक्षण उपरांत पात्र आवेदनों को लोन प्रदाय करने के लिए संबंधित बैंक की ओर प्रेषित कर अनुशंसा की जिसके पश्चात निर्धारित बैंक द्वारा आवेदन का परीक्षण कर लोन प्रदाय करने की कार्यवाही की जाएगी! इस संबंध में निगमायुक्त सुंदरानी ने सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन को शेडूल तैयार करने निर्देशित किया था जिसके तहत निर्धारित तिथि में समय-समय पर विभिन्न प्रकरणों पर कार्य किया जाना है! आज के शिविर में जिला के अग्रणी बैंक की उपस्थिति में लंबित प्रकरणों एवं ऋण प्रकरणों पर स्वीकृति की कार्यवाही की गई! जिसमें राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अधिकारी/ कर्मचारी , मैनेजर, सीईओ सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही!

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''